राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लॉट नं 6–7, एवरेस्ट कॉलोनी, नियर अपेक्स मॉल, लाल कोठी, जयपुर–302015
फोन नम्बर 0141–2973804, 2988946 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– रा.पै.मेडि.कौं/पंजीयन/2020/45 दिनांकः– 07-01-2020

–::सार्वजनिक सुचना::–

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल द्वारा पूर्व में जारी पैरामेडिकल प्रोफेशनल्स के पंजीयन प्रमाण–पत्रों को नवीन प्रारूप में जारी किये जाने के क्रम में
सन्दर्भः– इस कार्यालय के पूर्व पत्र क्रमांक 2378 दिनांक 17.09.2019 एवं 2771 दिनांक 15.11.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्रों के क्रम में समस्त पंजीकृत पैरामेडिकल अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि कौंसिल के द्वारा पूर्व में जारी पंजीयन प्रमाण–पत्रों को नवीनतम प्रारूप (Digital) में अपना पंजीयन प्रमाण पत्र अन्तिम दिनांक 31.12.2019 सांयकाल 06.00 बजे तक आवश्यक रूप से जमा करवाकर कर निःशुल्क नवीन प्रारूप में पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है, के संबंध में इस पत्र के माध्यम से समस्त पंजीकृत पैरामेडिकोज अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों के द्वारा उक्त पत्र द्वारा निर्धारित समयावधि में अपना मूल पंजीयन प्रमाण पत्र राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल में जमा नहीं करवाये गये है तो ऐसे समस्त पंजीकृत अभ्यर्थियों को **अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि वे अन्तिम दिनांक 17.01.2020 सांयकाल 06.00 बजे तक अनिवार्यरूप से कौंसिल में जमा करवाकर नवीन प्रारूप (Digital) में निःशुल्क पंजीयन प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करें।** यदि अन्तिम दिनांक 17.01.2020 के पश्चात् किसी अभ्यर्थी द्वारा नवीनतम पंजीयन प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करता है तो ऐसें अभ्यर्थियों के द्वारा दिनांक 20.01.2020 से 19.02.2020 तक 200/– रूपये (अक्षरे रूपये दो सौ मात्र) विलम्ब शुल्क अदा कर नवीन प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी दिनांक 19.02.2020 तक भी आवेदन प्रस्तुत नहीं करता है तो ऐसे अभ्यर्थी अतिरिक्त 50/– रूपये प्रतिमाह विलम्ब शुल्क जमा करवाकर नवीन पंजीयन प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

अतः समस्त पंजीकृत पैरामेडिकोज प्रोफेशनल्स उपरोक्तानुसार नवीन प्रारूप में पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से कौंसिल द्वारा पूर्व में जारी मूल पंजीयन प्रमाण पत्र राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल को प्रस्तुत करें, जिससे नवीनतम प्रारूप में पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किये जा सकें। कृपया ध्यान रहें कि कौंसिल से पूर्व में जारी समस्त पंजीकृत अभ्यर्थियों को नवीन प्रारूप में प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।

7/1/2020
(सोमदत्त दीक्षित)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकः– रा.पै.मेडि.कौं/पंजीयन/2020/45 दिनांकः– 07-01-2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. श्रीमान् विशिष्ठ सहायक, माननीय चिकित्सा मंत्री महोदय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान् विशिष्ठ सहायक, माननीय राज्य मंत्री महोदय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राजस्थान, जयपुर।
3. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. उप शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर।
5. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
6. समस्त पंजीकृत पैरामेडिकोज अभ्यर्थी को पालनार्थ।
7. निजी सहायक, रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
8. रक्षित पत्रावली।

7/1/2020
रजिस्ट्रार